संपादकीय

भ्रष्टाचार की मीनारें

मुंबई का प्रख्यात प्रतिभा टावर आखिरकार 35 साल बाद ढहाया जा रहा है। इस टावर के निर्माण में बड़े पैमाने पर धांधली हुई थी। इसे देश का पहला फ्लोर स्पेस इंडेक्स (एफएसआई) घोटाला माना गया जो 1984 में तब उजागर हुआ जब तत्कालीन कलेक्टर अरुण भाटिया ने इमारत का निरीक्षण कर इसके बारे में सारी जानकारियां हासिल कीं।

जांच में पाया गया कि बिल्डर के पास 7,197 वर्ग मीटर जमीन थी, लेकिन उसने झूठ बोलते हुए इसे 9,282 वर्ग मीटर से अधिक का भूखंड बताया और 28 के बजाय 36 फ्लोर खड़े करके 27,000 वर्ग फुट ज्यादा निर्माण कर लिया। हद यह कि घोटाला उजागर होते ही भाटिया का तबादला कर दिया गया।

1989 से 1995 के बीच अदालत के आदेशों पर 36 फ्लोर वाली इस सोसायटी के आठ फ्लोर गिरा दिए गए। हर एक मंजिल में दो बड़े फ्लैट थे, जिनके मूल खरीदार काफी नामी-गिरामी लोग थे। इमारत की 35 सदस्यीय 'हाउसिंग सोसायटी' ने हाल ही में बाकी बची मंजिलों को भी गिराने का फैसला लिया। इस घोटाले के बाद मुंबई में ही आदर्श सोसाइटी घोटाला सामने आया।

भारत में रीयल्टी सेक्टर के फलने-फूलने के साथ ही भ्रष्टाचार की एक ऐसी गंगा बह चली है जिसमें समाज का ताकतवर तबका डुबकी लगाने को बेताब है। इस क्षेत्र ने बिल्डरों, अफसरों, दलालों और नेताओं का एक गठजोड़ विकसित किया है जो नियम-कानूनों की धज्जियां उड़ाकर रातोंरात मालामाल हुआ है। यह कहानी सिर्फ मुंबई की नहीं पूरे देश की है।

ज्यों-ज्यों शहरों पर आबादी का बोझ बढ़ा है, बहुमंजिला इमारतों की जरूरतें भी बढ़ी हैं। लेकिन ये जरूरतें पूरी करने की आड़ में टाउन प्लानिंग का कबाड़ा हो गया है। अफसरों के साथ मिलीभगत करके बिल्डर मनमाने नक्शे पास करवा लेते हैं। नियमों को तोड़ते हुए अपनी मर्जी से फ्लोर संख्या बढ़ा लेते हैं। दिल्ली और एनसीआर इलाके में तो अफसरों ने आंख मूंदकर इन्हें सार्वजनिक इस्तेमाल के लिए सुरक्षित जमीनें भी अलॉट कर दीं, जिससे नागरिकों के लिए कई भारी मुसीबतें खड़ी हो गई हैं।

पता चलता है कि जिस जगह को कूड़े की डंपिंग के लिए सुरक्षित रखा गया था, वहां बहुमंजिला सोसाइटी खड़ी है। नगरपालिका कोई और जगह लेकर कचरा डालना शुरू करती है, लेकिन आसपास के लोगों का तीखा विरोध देखकर पांव वापस खींच लेती है। कई जगहों पर पार्क और बिजली के सब-स्टेशन की जगहें बिल्डरों ने अपने नाम करवा लीं। कई मकानों में घटिया निर्माण कर बिल्डर खिसक लेते हैं और वहां रहने वाले सिर पीटते रह जाते हैं।

कहने को तो रीयल्टी सेक्टर को नियंत्रित करने के लिए कई कानून बने हैं लेकिन जब कानून का पालन करने वाले ही बिल्डरों के संरक्षक बन बैठे हैं तो फिर क्या उम्मीद की जाए। वक्त आ गया है कि निर्माण उद्योग की अराजकता दूर करने को लेकर सरकारें सख्त हों।

नेचुरल गैस का दाम 10 प्रतिशत बढ़ा सकती है सरकार

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार पहली अप्रैल से नेचुरल गैस का प्राइस 10 प्रतिशत बढ़ाकर 3.72 डॉलर प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट कर सकती है। इससे सीएनजी और पीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है। इसके अलावा, मुश्किल क्षेत्रों से उत्पादन वाली गैस की दर भी बढ़कर करीब 9 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू की जा सकती है जो अभी 7.67 डॉलर है।

पेट्रोलियम मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, लगातार चौथी बार गैस की कीमतों में वृद्धि हो सकती है। नेचुरल गैस की कीमतें प्रत्येक छह महीने में एक अप्रैल और एक अक्टूबर को तय की जाती हैं। भारत में नेचुरल गैस का प्राइस गैस बेचने वाले अमेरिका, रूस और कनाडा जैसे देशों में गैस की तिमाही औसत कीमत के आधार पर तय किया जाता है।

कीमतों को अमेरिका के हेनरी हब, यूके के नैशनल बैलेंसिंग पॉइंट, अल्बर्टा (कनाडा) और रूस के कीमतों का वेटेड एवरेज प्राइस को एक चौथाई के अंतराल के साथ ले कर कैलकुलेट किया जाता है। इसलिए इस बार 1 अप्रैल से 30 सितंबर की अवधि के लिए इन देशों में 1 जनवरी 2018 से 1 दिसंबर 2018 के बीच रहे एवरेज प्राइस को लिया जाएगा।

सूत्रों ने बताया कि अभी तक औसत कीमतों का जो आकलन किया गया है, उसके आधार पर इस बार एक अप्रैल से नेचुरल गैस की कीमतों में 10 फीसदी की वृद्धि हो सकती है।

मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि गैस की कीमतें बढ़ने से सरकारी कंपनी ओएनजीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी गैस का प्रॉडक्शन करने वाली कंपनियों को फायदा होगा। इससे पहले सरकार ने एक अक्टूबर 2018 को नेचुरल गैस के घरेलू उत्पादकों को दी जाने वाली कीमत 3.06 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू से बढ़ाकर 3.36 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू कर दी थी।

एनर्जी मार्केट एक्सपर्ट विजय सिंह ने कहा कि नेचुरल गैस की कीमतें बढ़ने पर सरकारी और प्राइवेट ऑयल एंड गैस कंपनियों को फायदा होगा। हालांकि, इससे आम आदमी के लिए पीएनजी और सीएनजी महंगी हो सकती हैं। पीएनजी का इस्तेमाल मुख्य तौर पर कुकिंग के लिए और सीएनजी का वीइकल में फ्यूल के तौर पर होता है। इसके अलावा फर्टिलाइजर्स और पेट्रोकेमिकल्स के मैन्युफैक्चरिंग की लागत भी बढ़ेगी।

सरकार के इस फैसले से ओएनजीसी को सबसे ज्यादा फायदा पहुंचने की उम्मीद है। गैस की कीमतों में प्रत्येक डॉलर की बढ़ोतरी पर ओएनजीसी के रेवेन्यू में सालाना आधार पर 4,000 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी होगी। ओएनजीसी देश की बड़ी गैस प्रोड्यूसर है, जो रोजाना 70 मिलियन से अधिक स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर का उत्पादन करती है।

अगर सरकार कीमतों को 3.72 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू करने का ऐलान करती है तो यह अक्टूबर 2015 से मार्च 2016 की अवधि के बाद से सबसे ऊंचा स्तर होगा। देश अपनी जरूरत की आधी से अधिक गैस विदेशों से इंपोर्ट करता है, जिसकी लागत घरेलू रेट्स के दोगुने से ज्यादा है।

इससे पहले सरकार ने एक अक्टूबर 2018 को नेचुरल गैस की कीमतों को 3.06 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू से 10 पर्सेंट बढ़ाकर 3.36 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू किया था।

एलआईसी में फंस सकता है आपका पैसा

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के पॉलिसी धारकों के लिए एक ध्यान देने वाली खबर है। अगर आपकी पॉलिसी मैच्योर होने वाली है, तो आपको जल्द से जल्द एक काम करना होगा, नहीं तो आपका पूरा पैसा फंस सकता है। आपको समय रहते अपनी एलआईसी पॉलिसी को अपने बैंक खाते से लिंक कराना होगा। पहले पॉलिसी धारक को एलआईसी चेक भेजकर पूरा भुगतान करती थी, लेकिन अब उसने ऐसा करना बंद कर दिया है। अब एलआईसी पॉलिसी से संबंधित रकम का भुगतान पॉलिसी होल्डर्स के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करती है। ऐसे में अगर आपने भी अब तक अपनी पॉलिसी में अपना बैंक खाता नंबर लिंक नहीं करवाया है, तो बिना देर लगाए ये काम कर लें।

खास बात ये है कि अभी भी बड़ी संख्या में ऐसे पॉलिसी धारक हैं, जिन्होंने अपनी पॉलिसी को बैंक अकाउंट से नहीं जोड़े हैं। ऐसे पॉलिसी धारकों की पेमेंट को कंपनी ने रोकना शुरू कर दिया है। ऐसे में आपको बता दें कि एलआईसी पॉलिसी के साथ बैंक अकाउंट जुड़वाने का तरीका बेहद आसान है। इसके लिए आपको अपने बैंक अकाउंट का कैंसिल चेक या बैंक पासबुक के फ्रंट पेज की फोटोकॉपी नजदीकी एलआईसी ब्रांच में जमा करवानी होगी। ऑफिस में आपको एनईएफटी (एवईएफटी) मैंडेट फॉर्म भरना होगा। इस फॉर्म के साथ आप कैंसिल चेक या बैंक पासबुक की कॉपी अटैच कर जमा करा दें। इसके 1 हफ्ते बाद आपकी पॉलिसी आपके बैंक अकाउंट से जुड़ जाएगी। इसके बाद एलआईसी से मिलने वाला कोई भी पैसा सीधे आपके अकाउंट में आएगा।

बता दें कि देश के बाकी विभागों की तरह एलआईसी भी डिजिटल होने की ओर कदम बढ़ा रही है। 1 मार्च 2019 से ऑटोमेटेड एसएमएस के जरिए पॉलिसी होल्डर्स को प्रीमियम से जुड़ी जानकारी देगी। प्रीमियम बकाया होने पर रिमाइंडर एसएमएस के जरिए ही दिया जाएगा।

आरबीआई ने चार बड़े बैंकों पर लगाया पांच करोड़ रुपये का जुर्माना

नई दिल्ली (आरएनएस)। रिजर्व बैंक ने दिशा-निर्देशों के उल्लंघन के कारण भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, कॉर्पोरेशन बैंक और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पर कुल पांच करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने आज बताया कि इन बैंकों ने राशि के अंतिम इस्तेमाल, दूसरे बैंकों के साथ जानकारी साझा करने, फर्जीवाड़े के वर्गीकरण और रिपोर्टिंग तथा खातों की पुनर्संरचना के बारे में दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया है।

कॉर्पोरेशन बैंक पर दो करोड़ रुपये तथा भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पर एक-एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने 31 जनवरी को यह आदेश जारी किया था। बैंक ने स्पष्ट किया है कि यह आदेश नियामक है और इससे बैंक और ग्राहक के बीच को कोई लेन-देन प्रभावित नहीं होगा।

गूगल ने एप्पल को 2018 में 9.5 अरब डॉलर का भुगतान किया

सैन फ्रांसिस्को (आरएनएस)। आईओएस डिवाइसों में खुद को डिफाल्ट सर्च इंजन बनाए रखने के लिए गूगल ने एप्पल को ट्रैफिक अधिग्रहण लागत (टीएसी) के रूप में साल 2018 में कुल 9.5 अरब डॉलर का भुगतान किया, जिसने आईफोन निर्माता के सेवाओं से प्राप्त राजस्व में महत्वपूर्ण योगदान किया। गोल्डमैन सैक्स ने यह अनुमान लगाया है। एप्पल चीन जैसे उभरते बाजारों में आईफोन की बिक्री में गिरावट कारण सेवाओं से प्राप्त राजस्व पर ध्यान दे रहा है।

आज का राशिफल

मेषः- आज के दिन अपने निजी विचारों पर सोचसमझकर कार्य करने की सलाह गणेशजी दे रहे हैं। परिजनों के कार्य करते समय आपको समाधानकारी व्यवहार अपनाना उचित रहेगा।

वृषभः- आज आप आर्थिक जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकेंगे। आर्थिक लाभ होने की संभावनाएं हैं। मन में उत्साह और विचारों की स्थिरता के कारण सभी कार्य आप अच्छी तरह से कर सकेंगे।

मिथुनः- आपकी वाणी और वर्तनी के कारण भ्रांति खड़ी न हो इसका ध्यान रखें। आवेश और उग्रता पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ख्याल रखें। आंखों में तकलीफ हो सकती है।

कर्कः- आज का दिन आपके लिए लाभकारी है। नौकरी और व्यापार में भी लाभ के संकेत हैं। मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय बिता सकते हैं। जो लोग अविवाहित हैं उनके लिए आज विवाह से जुड़े शुभ संयोग बने हैं।

सिंहः- आपके कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव आज पड़ेगा। उच्च अधिकारियों पर आपके कार्य का सकारात्मक असर होने से आप पर प्रसन्न रहेंगे। आप आज अपना कार्य दृढ़ मनोबल और पूर्ण आत्मविश्वास के साथ संपन्न करेंगे।

कन्याः- आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहेगा ऐसा गणेशजी कहते हैं। मन चिंता से व्यग्र रहेगा। शारीरिक रूप से स्फूर्ति का अभाव रहने से थकान और अशक्ति का अनुभव होगा।

तुलाः- किसी के साथ वाद-विवाद या झगड़ा न करें। क्रोध न करें। वाणी और वर्तन पर संयम बरतना आप ही के हित में है। शत्रुओं से भी सावधान रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

वृश्चिकः- आज का दिन आपके लिए मनोरंजन का दिन है। मित्रों के साथ पार्टी या पिकनिक में आज का दिन बहुत अच्छी तरह से बीतेगा। वस्त्राभूषण, वाहन और भोजन का अच्छा सुख प्राप्त होगा।

धनुः- आज का दिन आपके लिए बहुत अनुकूल है ऐसा गणेशजी कहते हैं। घर का वातावरण आनंदप्रद रहेगा। शारीरिक रूप से स्वस्थता और मानसिक रूप से प्रफुल्लता का अनुभव करेंगे।

मकरः- आज के दिन शारीरिक रूप से आलस्य, थकान, अशक्ति रहने के कारण अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। मानसिक रूप से भी आपको चिंता सताएगी।

कुंभः- स्वभाव में हठीलापन छोड़ने के लिए गणेशजी आप को सूचित करते हैं। अधिक भावुकता के कारण मन में अस्वस्थता का अनुभव होगा। सामाजिक रूप से सम्मान का भंग न हो इसका ध्यान रखें।

मीनः- आवश्यक निर्णय लेने के लिए आज का दिन शुभ है। सृजनात्मक शक्ति में वृद्धि होगी। विचारों में स्थिरता तथा मन में दृढ़ता रहने से आप अपना कार्य बहुत अच्छी तरह से कर सकेंगे।

1 अप्रैल से जीएसटी से जुड़ी रियायतें मिलने की संभावना कम

नई दिल्ली (आरएनएस)। जीएसटी रजिस्ट्रेशन से छूट की सीमा 40 लाख रुपये तक बढ़ाने सहित काउंसिल की पिछली बैठक में मिली कई रियायतों के लिए अभी लंबा इंतजार करना पड़ सकता है। सरकार ने इन्हें 1 अप्रैल 2019 से लागू करने का ऐलान किया था, जिसकी संभावना अब खत्म मानी जा रही है। इन रियायतों के लिए सीजीएसटी एक्ट में अमेंडमेंट करना जरूरी है, जबकि संसद का बजट सत्र बिना किसी संशोधन बिल के ही बुधवार को खत्म हो गया।

जीएसटी कंसल्टेंट राकेश गुप्ता ने बताया कि थ्रेशहोल्ड लिमिट 20 लाख से 40 लाख रुपये करने के लिए सीजीएसटी ऐक्ट के सेक्शन 22(1) में संशोधन अनिवार्य है। साथ ही, 50 लाख रुपये टर्नओवर तक सर्विसेज और मिक्स्ड सप्लाई को कंपोजिशन स्कीम का लाभ देने के लिए सेक्शन 10 (1) और (2) में संशोधन करना होगा। यह मौजूदा सरकार का आखिरी सत्र था और अब साफ हो चला है कि ये दोनों रियायतें कम से कम 1 अप्रैल से नहीं मिलने जा रहीं।

पीएचडी चैंबर की इनडायरेक्ट टैक्स कमेटी के चेयरमैन बिमल जैन ने कहा कि चूंकि सीजीएसटी एक्ट में 20 लाख रुपये शब्द का जिक्र है, ऐसे में बिना उसे संशोधित किए यह रियायत नोटिफाई नहीं की जा सकती। सीमा बढ़ाने का फैसला राज्यों पर भी छोड़ा गया है, लेकिन वे भी केंद्रीय स्तर पर सीजीएसटी एक्ट में संशोधन के बिना यह छूट नहीं दे सकते।

दिल्ली के जीएसटी कमिश्नर एच. राजेश प्रसाद ने बताया कि दिल्ली सरकार ने काउंसिल को बता दिया है कि हम थ्रेशहोल्ड 20 लाख से 40 लाख करेंगे, लेकिन नई सीमा केंद्रीय नोटिफिकेशन के बाद ही लागू होगी। फिलहाल पुरानी सीमा लागू है। माना जा रहा है कि रियायतों में देरी से लाखों कारोबारियों की दिक्कतें बढ़ेंगी। पहली अप्रैल से नया वित्त वर्ष शुरू होगा, जबकि थ्रेशहोल्ड लिमिट बढ़ने से कई कारोबारी जीएसटी नेटवर्क से बाहर होने की योजना बना रहे थे।

म्यांमार से हारकर भारत गोल्ड कप से बाहर

भुवनेश्वर (आरएनएस)। भारतीय महिला फुटबॉल टीम को बुधवार को म्यांमार से 0-2 से हारकर गोल्ड कप से बाहर हो जाना पड़ा। गोल.कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, अदिती चौहान की कप्तानी वाली भारतीय टीम की टूर्नामेंट में यह लगातार दूसरी हार रही। टीम को इससे पहले नेपाल से भी 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, इस जीत के बाद म्यांमार की टीम ने टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

म्यांमार के लिए जुली क्याव ने दूसरे मिनट और विन थेंगी टुन ने इंजुरी समय में गोल किया। यहां कलिंगा स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में म्यांमार की टीम ने अच्छी शुरुआत की और दूसरे मिनट में ही जुली क्याव के गोल से 1-0 की बढ़त बना ली।

भारतीय टीम के पास 13वें मिनट में बराबरी करने का मौका था, लेकिन संजू यादव चूक गईं। दूसरे हाफ के आखिरी तक भारतीय टीम ने म्यांमार को रोके रखा, लेकिन विपक्षी टीम ने इंजुरी समय में विन थेंगी टुन के गोल से 2-0 से मुकाबला जीतकर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

फुटबॉल प्रशंसकों के बीच हिंसक झड़प, 4 को गोली लगी

रोम (आरएनएस)। इटली के क्लब लाजियो और स्पेनिश क्लब सेविला के बीच होने वाले यूरोपा लीग राउंड ऑफ-32 के मुकाबले से पहले यहां फुटबॉल प्रशंसकों के बीच हुई हिंसक झड़प में चार लोगों को गोली लगी। दोनों टीमों के बीच गुरुवार रात मैच खेला जाएगा। यह हिंसक घटना बुधवरा रात 9.30 बजे कोलेसिएम के पास हुई जहां चार लागों को गोली लगी।

इसमें दो स्पेनिश, एक अमेरिकी और एक ब्रिटिश व्यक्ति शामिल है। घायलों को जल्द ही स्पिरिटो सेंटो अस्पताल ले जाया गया जहां एक ही हालत गंभीर है। घटना में करीब 40 लोग शामिल थे और गोली चलने के समय कई लोग पास के बार और रेस्तरां में चले गए।

शुरुआती जानकारी के अनुसार, मास्क पहने लाजियो समर्थकों के एक समूह ने लियोनीना सड़क पर मौजूद सेविला के समर्थकों पर छड़ी और चाकू से हमला किया। कई लोगों के पावं में चोट भी लगी।

15 मिनट में बनाएं आलू और बाजरे के पकौड़े

सामग्री-

मध्यम आकार के आलू- चार
बाजरे का आटा- डेढ़ कटोरी
हरी मिर्च - आधा छोटा चम्मच
हरा धनिया- आधा छोटा चम्मच
अदरक बारीक कटा- आधा छोटा चम्मच, तेल- आवश्यकतानुसार
नमक- स्वादानुसार

विधि-

बाजरे के आटे का गाढ़ा घोल बनाएं। अब आलुओं को छीलकर मध्यम आकार में काट लें। बाजरे के घोल में हरा धनिया, हरी मिर्च, अदरक और नमक मिलाएं। कड़ाही में तेल डालकर मध्यम आंच पर पकौड़े तलकर चटनी के साथ खाएं।

शब्द सामर्थ्य-78

बाएं से दाएं
1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

ऊपर से नीचे
1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 77 का हल

दा	ढ़ी	■	की	■	खा	सो	आ	म
वा	■	त	म	न्ना	■	■	जा	■
न	जा	क	त	■	बा	अ	द	ब
ल	■	ली	■	वि	ला	प	■	हा
■	अ	फ	सा	ना	■	मा	हि	र
दा	ब	■	■	श	गु	न	■	■
न	■	उ	प	का	र	■	शि	■
ब	■	त्स	■	र	■	त	क	ला
■	सा	व	न	■	गु	रु	वा	र

सू-दोकू-78

	7				1		3	
1		9				5		
			3				1	
		5						3
3					2		5	
				3				2
	4						7	
7		8		1		6		
	6		7		9			1

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.77 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6